कृषि प्रौद्योगिकियों पर उद्यमिता विकास कार्यक्रम

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) में स्थित कृषि व्यवसाय अभिपोषण केन्द्र में दिनाँक 07.09.2021 को कृषि प्रौद्योगिकियों पर उद्यमिता विकास का 30 दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. बी.आर. चौधरी कुलपति कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर ने किया। इस अवसर पर डॉ. बी.आर. चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में कृषि के क्षेत्र में नई फसलों, जैसे किनोवा, चिया, चिकोंरी, ड्रैगन फ्रुट, आदि कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करके कृषि में अधिक आमदनी ली जा सकती हैं। उन्होने कहा कि उदयमी प्रशिक्षण लेकर जाते हैं तो उनको भविष्य में तकनीकि सहायता, वित्त सहायता एवं बाजारीकरण के बारे में भी दिशा निर्देश समय - समय पर मिलते रहना चाहिए।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. ओ.पी. यादव ने संस्थान में चल रहे विभिन्न शोध कार्यो से विकसीत तकनीकियों के बारें में जानकारी दी तथा आज के संदर्भ में प्रगतिशील किसान एवं शिक्षित युवाओं द्वारा कृषि को एक व्यवसाय के रूप मे अपनाकर न केवल समाज में रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं बल्कि देश में कृषि उत्पादन में वृद्धि करने में भी योगदान दिया जा सकता हैं। डॉ. यादव ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को विश्वास दिलाया कि काजरी में प्रशिक्षणार्थियों को अपेक्षा से अधिक जानकारी दी जाएगी।

कृषि व्यवसाय अभिपोषण केन्द्र के प्रभारी डॉ. ए.के. पटेल ने इस 30 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि ज्यादातर प्रशिक्षणार्थियों की रूची सब्जियों की संरक्षित खेती का व्यवसायिक मोडल, नर्सरी स्थापना, देशी गायों का डेयरी फार्मिंग व्यवसायिक मोडल, मशरूम उत्पादन, चारे के लिए मौंरिगा की खेती, जैविक खेती एवं खाद आदि तकनीकियों में देखी गई। डॉ. पटेल ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को कृषि आधारित प्रौद्योगिकीयों पर मिलने वाली वित्तिय सहायता, ऋण, तथा उद्यौगो के बारे में विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि के अन्त में प्रौद्योगिकीयों पर परियोजना रिपोर्ट भी बनवायी जाएगी। आई.टी.एम.यू. के प्रभारी डॉ. एन.वी. पाटिल ने काजरी के पेटेंट तकनीकि के बारें मे तथा कृषि में नवाचारों का पेटेंट किस प्रकार किया जा सकता हैं इस बारें मे जानकारी दी। डॉ. पी.सांतरा ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं डॉ. सुरेन्द्र पुनिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।